Received.
18/08/2025
12:00 PM.

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही।

## कार्यालय आदेश

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र संख्या–2389/एसएलएसए–83/2025 (सन्दीप/ऋ) दिनांकित जुलाई 30, 2025 के अनुक्रम में माननीय कार्यकारी अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रेणीवार के अनुसार पर्याप्त संख्या में मध्यस्थों के 10 अतिरिक्त पदों को भरने हेतु चयन किया जाना है।

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी अधिसूचना दिनांकित 06.08.2025 के अनुक्रम में प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष आवेदकों को साक्षात्कार हेतु दिनांक 18.08.2025 को सायं 03:00 बजे से जनपद न्यायालय भदोही के सभागार कक्ष में आहूत किया जाता है।

आवेदक उपरोक्त निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर साक्षात्कार में अपने समस्त मूल अभिलेखों के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। ऐसे आवेदक जो उपरोक्त निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर साक्षात्कार में उपस्थित नहीं होते हैं, को पृथक से साक्षात्कार का अवसर दिनांक 19.08.2025 को प्रदान किया जायेगा। सभी आवेदक साक्षात्कार हेतु निर्धारित समय से 01 घण्टे पूर्व जनपद न्यायालय भदोही के सभागार कक्ष में उपस्थित हों।

18/8/25

दिनांक–18.08.2025

पूर्णकालिक सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही।

प्रतिलिपि –

1. प्रभारी नाजरात अनुभाग को जनपद न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु।
2. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को जिला न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय के वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
3. अध्यक्ष, जिला बार एशोसिएशन व दि सेन्ट्रेल बार एशोसिएशन को नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
4. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
5. समस्त आवेदकों को सूचना आवेदन पत्र में अंकित दूरभाष नं0 व ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने हेतु।
6. केन्द्रीय नाजिर नजारत अनुभाग को इस आशय के साथ प्रेषित कि सभागार कक्ष की साफ–सफाई व आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
भदोही-ज्ञानपुर